स्टूडेंट्स ने रंगारंग प्रस्तुती से जीता दिल.

कौशल के साथ जीत का जज्बा जरूरी

» धूमधाम से मना आइआइएम रांची का नौवां स्थापना दिवस

» राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को किया प्रेरित

ranchi@inext.co.in

RANCHI (15 Dec) : राज्यपाल सह कुलाधिपति द्रौपदी मुर्मू ने छात्रों से कहा कि जीवन में कामयाबी के लिए सही कौशल के साथ जीत का जज्बा भी जरूरी है. तेजी से बदलती दुनिया में उचित वैल्यू व एट्टीट्यूड ही विकास की ओर ले जाएंगे. उन्होंने कहा जितने भी नए आइआइएम हैं, उनमें आइआइएम रांची सबसे अधिक इनोवेशन करता है. वह शुक्रवार को डॉ.रामदयाल मुंडा कला भवन, खेलगांव में आइआइएम रांची के नौवें फाउंडेशन डे पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं. समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया. धन्यवाद ज्ञापन डॉ.असित महापात्रा ने किया. राज्यपाल ने कहा कि आपकी सफलता केवल इस बात पर निर्भर नहीं करती है कि आपने कितना धन जमा किया, बल्कि इस पर भी निर्भर करती है कि समाज के निचले तबके के उत्थान में आपका क्या योगदान रहा. यदि आप ऐसे एक भी व्यक्ति की सहायता करते हैं, तो उसके जीवन में एक बड़ा बदलाव होगा. छात्रों से उन्होंने कहा, आप अपने संस्थान का आदर्श बरकरार रखें. यह आपके कार्य में दिखना चाहिए. ऐसा होने से कई एंटरप्रेन्योर राज्य की ओर आकर्षित होंगे. छात्र खुद में लीडरशिप क्वालिटी विकसित करें. आपके करियर में नैतिकता का पुट हो. सरकार ने आपके लिए स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया लाया है. आप इससे जुड़कर देश को आगे ले जाएं.

inext, 16.12.2017, Pg. 4